हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026
[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 जिले के दस हजार किसान डिफाल्टर घोषित!




07 अपराध उन्मूलन पुलिस की जवाबदारी अमला...



## खबर संक्षेप

### गंगा सप्तमी पर नपाध्यक्ष ने किया पूजन



**नर्मदापुरम।** गंगा सप्तमी पर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा मां नर्मदा के विवेकानंद घाट पहुंचकर मां नर्मदा की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान उन्होंने घाटों का निरीक्षण किया और नपा की स्वच्छता टीम को घाटों पर त्यौहारों के पूर्व विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने विवेकानंद घाट पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं से अपील की कि मां नर्मदा के जल को स्वच्छ रखने के लिए नहाते समय साबुन शैंपू का इस्तेमाल न करें। स्वच्छ जलधारा में किसी भी प्रकार का कचरा न डालें।

### सहायक संचालक ने किया निरीक्षण

**इटारसी।** शिक्षा विभाग की सहायक संचालक नर्मदापुरम शीनू कोरी ने गुरुवार को इटारसी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुधार के निर्देश दिए।

### रंग ला रहे हैं प्रयास, पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी

# सड़क हादसों में 16 फीसदी और मौतों में 29 प्रतिशत कमी आई

पुलिस विभाग ने आंकड़े जारी किये जिसमें दुर्घटना में होने वाली मौतों में गिरावट दर्ज की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सड़क सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी के निर्देशों के बाद नर्मदापुरम पुलिस ने जमीनी स्तर पर जो सख्ती और जागरूकता दिखाई है, उसके सकारात्मक परिणाम अब आंकड़ों में दिखने लगे हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए गए चौतरफा अभियानों के कारण जिले में सड़क दुर्घटनाओं के ग्राफ में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

### प्रशिक्षण अभियान

पुलिस ने दुर्घटना के बाद गोल्डन ऑवर में जीवन बचाने के लिए नागरिकों को प्रशिक्षित किया है। पिछले 3 महीनों में 110 कार्यक्रमों के माध्यम से 3625 नागरिकों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस की इस ट्रेनिंग का असर तब दिखा जब स्थानीय निवासी प्रमोद कुमार दुबे ने दुर्घटना का शिकार हुए अम्बा प्रसाद कुशवाह को समय पर सीपीआर देकर उनकी जान बचा ली।




### सुरक्षित ट्रैक्टर ट्रॉली : सुरक्षित किसान अभियान

जिले में कृषि गतिविधियों के दौरान होने वाले ट्रैक्टर हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने विशेष फोकस किया है। अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉली न दिखने के कारण होने वाली मौतों को रोकने के लिए 1200 ट्रॉलियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। सोहागपुर में तीन छात्रों की मौत जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए किसानों को सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया। नर्मदापुरम पुलिस की यह सक्रियता न केवल आंकड़ों में सुधार ला रही है, बल्कि आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदार भी बना रही है। पुलिस का यह मिशन सेफ्टी आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### आंकड़ों में बड़ी राहत : 2025 बनाम 2026

पुलिस द्वारा जारी तुलनात्मक आंकड़ों के अनुसार, सड़क सुरक्षा की स्थिति में पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष बड़ा सुधार हुआ है। दुर्घटनाओं में कमी : वर्ष 2025 (जनवरी-मार्च) में जहां 272 दुर्घटनाएं हुई थीं, वहीं 2026 में यह घटकर 227 रह गईं। मृत्यु दर में गिरावट : सड़क हादसों में जान गंवाने वालों की संख्या 79 से घटकर 56 पर आ गई है, जो 29.11 फीसद कमी दर्शाता है। लक्ष्य की ओर कदम : राष्ट्रीय स्तर पर तय किए गए 10 प्रतिशत की कमी के लक्ष्य के मुकाबले नर्मदापुरम पुलिस ने कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है।

### चालानी कार्रवाई में 139 फीसदी की वृद्धि

दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने शिक्षा और दंड दोनों का सहारा लिया है। हेलमेट न पहनने वालों के खिलाफ पुलिस ने इस बार रिकॉर्ड कार्रवाई की है। जागरूकता के बाद 5689 हेलमेट चालान किए गए और 17 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला गया। पिछले साल के मुकाबले चालानी कार्यवाही में 139.73 प्रतिशत और जुर्माना राशि में 105.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सख्ती से पहले पुलिस ने मानवता दिखाते हुए 1200 से अधिक हेलमेट का निशुल्क वितरण भी किया।

## चोरीः 30 किसानों की मोटरों से केबल और स्टार्टर किए पार

### जुझारपुर में चोरों का तांडव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के पथरोटा थाना क्षेत्र के जुझारपुर मुख्य नहर पर बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए लगभग 30 किसानों की बिजली मोटरों के केबल और तीन स्टार्टर चोरी कर लिए। गुरुवार सुबह जब किसान अपने खेतों में सिंचाई करने पहुंचे, तब उन्हें इस घटना का पता चला। सामूहिक रूप से हुई इस चोरी से किसानों में भारी रोष है, क्योंकि बिजली व्यवस्था ठप होने से खेतों में खड़ी फसलों की सिंचाई पूरी तरह रुक गई है।

चोरों ने सुनियोजित तरीके से नहर किनारे स्थित कुओं और बोरिंग पर लगी मोटरों को निशाना बनाया। चोरों ने लगभग 30 मोटरों के कीमती बिजली केबल काटकर निकाल लिए और तीन मोटरों के स्टार्टर भी उखाड़कर ले गए। गर्मी के इस मौसम में जब फसलों को पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है, ऐसे समय में केबल चोरी होने से किसानों के सामने बड़ा आर्थिक और कृषि संकट खड़ा हो गया है।

पीड़ित किसानों की लंबी सूची में मुख्य रूप से नरेंद्र चौधरी, चंद्रशेखर चौधरी, रमेश चौधरी, सरिता विजय चौधरी, सुनील वर्मा, हंसकुमार रामशंकर चौधरी, विमल रामलाल चिमनियां, नर्मदा प्रसाद चौधरी, रामकुमार कोडुलाल, सुरेन्द्र महलहा, बृजभूषण चौधरी, रामबाबू चौधरी, श्रीराम चौधरी, अरविंद मिश्री लाल, सुरेश रमेश चौधरी, सुमित कमल चौधरी, राधा सुनील चौधरी, पप्पी चौरे, सुकेश पटेल, मनोज महतो, भूरे लाल चौरे और अजय चौधरी शामिल हैं। घटना के बाद बड़ी संख्या में किसान थाने पहुंचे और अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई।

## सीएमओ ने सुनी जन समस्याएं तत्काल निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



गुरुवार को नगरपालिका में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा जनसुनवाई की गई। जिसमें नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही सभी शाखाओं को सख्त निर्देश दिए गए कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों पर समयसीमा में कार्रवाई की जाए। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर प्रति गुरूवार को नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। गुरूवार को जनसुनवाई में पीएम आवास योजना के तहत सूची में नाम जुड़वाने के आवेदन आए। जिस पर सीएमओ पटले द्वारा संबंधित शाखा को सर्वे कराने के निर्देश दिए।

## अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्तः किसी भी प्रकार दबाव बर्दाश्त न किया जाए : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में अवैध उत्खनन करने वाले खनिज माफियाओं के खिलाफ कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने अब आर-पार की जंग छेड़ दी है। कलेक्टर के सख्त तेवरों और 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के चलते प्रशासन ने जिले भर में ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है, जिससे माफियाओं के सिंडिकेट में हड़कंप मच गया है।

कलेक्टर के निर्देशों पर खनिज विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मोहासा औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम झालसर सेठ (तहसील माखननगर) में दबिश दी। इस छापामार कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रंगे हाथों पकड़ा गया। प्रशासन की टीम को देखते ही अवैध उत्खनन में लगे लोगों में भगदड़ मच



गई। टीम ने तत्काल वाहन को जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने स्पष्ट कर दिया है कि नर्मदापुरम की धरती पर खनिज का अवैध खेल अब और नहीं चलेगा। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक लहजे में निर्देशित किया है कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार का राजनीतिक या बाहरी दबाव बर्दाश्त न किया जाए।

## भीषण गर्मी और लू के चलते कक्षा 8वीं तक के स्कूलों में अवकाश घोषित, आदेश जारी हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में लगातार बढ़ते तापमान और लू की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के मद्देनजर बड़ा निर्णय लिया है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले के समस्त शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आगामी आदेश तक अवकाश घोषित कर दिया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह नियम जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों पर लागू होगा, जिनमें समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूल, आईसीएसई., सीबीएसई और अनुदान प्राप्त विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय शामिल हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कक्षा 8 वीं तक के बच्चों के लिए स्कूल बंद रहेंगे, लेकिन शासकीय संस्था प्रमुख और शिक्षक पूर्व की भांति प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर विभागीय और शासकीय कार्यों का संपादन करेंगे।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन द्वारा पूर्व से निर्धारित परीक्षाएं और अन्य महत्वपूर्ण शासकीय कार्य अपने निर्धारित निर्देशानुसार ही संचालित होंगे। उन पर इस अवकाश का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

जिले में पड़ रही अत्यधिक गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसी उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से संपूर्ण नर्मदापुरम जिले में प्रभावशील हो गया है। अभिभावकों और स्कूली प्रबंधनों को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कांग्रेस का विरोध अशोभनीय, भाजपा खोलेगी पोलः उइके

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि विपक्ष की मंशा कभी भी महिलाओं को सशक्त बनाने की नहीं रही। उन्होंने आरोप लगाया कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 35 प्रतिशत आरक्षण देकर राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते हैं, लेकिन विपक्ष के अड़ंगे के कारण संसद में इतिहास रचने से चूक गया।

यह बात कैबिनेट मंत्री उइके ने गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान कही। मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि राहुल गांधी और उनके 'एंटी वूमेन एलायंस' ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनके लिए महिला सशक्तिकरण सिर्फ एक चुनावी नारा है। उन्होंने कहा, जब संसद में महिलाओं की आकांक्षाओं को कुचला जा रहा था, तब राहुल गांधी और उनके समर्थक मेज थपथपाकर जश्न मना रहे थे। पत्रकार वार्ता के दौरान मंत्री ने कांग्रेस के पुराने फैसलों पर भी सवाल उठाए। प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व अध्यक्ष मप्र विधानसभा डॉ सीतासरन शर्मा, माया नारोलिया सांसद,विजयपाल सिंह विधायक, प्रीति शुक्ला भाजपा जिलाध्यक्ष, राजो मालवीय प्रदेश मंत्री, नीतू यादव नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य मौजूद रहे।

## प्रशासन की सख्त कार्रवाई नहर क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा जिले में अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर ने समस्त संबंधित अधिकारियों एवं विभागों को स्पष्ट निर्देशित किया है कि जिले में स्थाई एवं अस्थाई सभी प्रकार के अवैध अतिक्रमण को सख्ती से हटाया जाए तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे फील्ड में सक्रियता दिखाएं और अवैध अतिक्रमण से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उक्त निर्देशों के परिपालन में गुरुवार को नर्मदापुरम नगरीय क्षेत्र में नहर के आसपास किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई तहसीलदार नर्मदापुरम, नगर पालिका नर्मदापुरम एवं नहर विभाग के संयुक्त दल द्वारा की गई। कार्रवाई के दौरान नहर क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए संबंधित स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

## एलकेजी कॉलोनी में एसडीएम ने किया एसबीआई के नए एटीएम का उदघाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

क्षेत्र के निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए भारतीय स्टेट बैंक ने एलकेजी कॉलोनी क्षेत्र में अपनी बैंकिंग सेवाओं का विस्तार किया है। गुरुवार को एलकेजी माल परिसर में एसबीआई के नए अत्याधुनिक एटीएम केंद्र का भव्य शुभारंभ किया। एटीएम केंद्र का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीएम इटारसी नीलेश शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने बैंक की पहल की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल बैंकिंग के इस दौर में भी नकद निकासी की सुलभ उपलब्धता आम जनता के लिए अत्यंत आवश्यक है। भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक सुजीत कुमार ने बताया कि इस नए केंद्र से एलकेजी कॉलोनी, साई फारचून सिटी और आसपास के रहवासियों को अब बैंकिंग कार्यों के लिए मुख्य बाजार की दौड़ नहीं लगानी होगी। उपभोक्ताओं को 24 घंटे नकद निकासी और अन्य त्वरित बैंकिंग सेवाओं का




लाभ उनके घर के नजदीक ही मिल सकेगा। उद्घाटन समारोह में बैंक प्रबंधन की ओर से फील्ड ऑफिसर राकेश पाराशर और ब्यूटी रंजन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों ने भी शिरकत की, जिनमें मुख्य रूप से संजोग अग्रवाल, हरपाल सिंह जग्गी, निपुण गोठी, रशविन कौर एवं स्थानीय रहवासी शामिल रहे।

## वन विभाग की टीम ने 8 फीट लंबे सांप को रेस्क्यू किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



समीपस्थ ग्राम मरोड़ा में एक खेत के कुएं में विशालकाय सर्प दिखने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, किसान कृष्ण यदुवंशी जब अपने खेत पर पंप चालू करने गए, तब उनकी नजर कुएं के अंदर मौजूद एक विशाल सांप पर पड़ी। इसे देख खेत में काम कर रहे मजदूर और ग्रामीण घबरा गए। ग्रामीणों ने लगातार तीन दिनों तक सर्प को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद ग्रामीण मनोज कुमार ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के निर्देशन में तत्काल सर्प विशेषज्ञ अभिजीत यादव, सर्पमित्र हर्ष प्रजापति, पवन चौहान और अमन प्रजापति की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब 8 फीट लंबे घोड़ा पछाड़ प्रजाति के सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के दौरान पाया कि कुएं में गिरने की वजह से सांप जख्मी हो गया था। टीम ने तत्काल उसे पुरानी इटारसी स्थित पशु चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया। स्वस्थ होने के बाद सर्प को वन परिक्षेत्र के सुरक्षित प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह सर्प गैर-विषैला होता है।

### कायस्थ मातृशक्ति ने निकाली भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा

## कायस्थ समाज हमेशा से अपनी बौद्धिक क्षमता और सेवा भाव के लिए जाना जाता है : राज्य सभा सांसद नारोलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

न्याय के देवता और कायस्थ समाज के आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज का जन्मोत्सव आज शहर में अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया।

सुबह की दिव्य शांति से लेकर शाम की भव्य रैली तक, पूरा शहर जय चित्रगुप्त के उद्घोष से गुंजायमान रहा। शुभ मंत्र से शुभारंभ कार्यक्रम का आरंभ भगवान चित्रगुप्त के इस पावन मंत्र के साथ हुआ। प्रात काल विधि-विधान से हुआ पूजन उत्सव का शुभारंभ सुबह 9:00 बजे चित्रगुप्त घाट पर हुआ। यहाँ विद्वान पंडितों के सानिध्य में भगवान चित्रगुप्त जी का विधि-विधान से अभिषेक और



षोडशोपचार पूजन किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की कामना की। मातृशक्ति का नेतृत्व और भव्य महारैली दोपहर 4:00 बजे कोरीघाट स्थित मंदिर से भव्य शोभायात्रा का आगाज़ हुआ। रैली का मुख्य आकर्षण मातृशक्ति रही, जहाँ पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने हाथों में केसरिया ध्वज थामे शौर्य और भक्ति का परिचय दिया। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों पर थिरकते श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। राज्यसभा सांसद माया नरेलिया का उद्बोधन शोभायात्रा के दौरान राज्यसभा सांसद माया नरेलिया ने समाज को संबोधित करते हुए कहा भगवान चित्रगुप्त जी न्याय और ज्ञान के प्रतीक हैं।

आज मातृशक्ति द्वारा निकाला गया यह चल समारोह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक एकता का प्रमाण है। कायस्थ समाज हमेशा से अपनी बौद्धिक क्षमता और सेवा भाव के लिए जाना जाता है। भगवान चित्रगुप्त महाराज हम सभी के जीवन में न्याय और खुशहाली का आशीर्वाद प्रदान करें।₹नगर भ्रमण और आत्मीय स्वागत भगवान का रथ एकता चौक,मोर्चरी चौक, सराफा चौक, सुभाष चौक और होली चौक से गुजरा। इस दौरान सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल देखने को मिली।

## पुरानी इटारसी यूपीएससी का डॉ. कमलेश कुमरे ने निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय की अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमरे ने बुधवार को पुरानी इटारसी यूपीएससी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. प्रियंक मिश्रा भी मौजूद रहे। यूपीएससी में प्रतिदिन आने वाले मरीजों का रिकॉर्ड चेक करने के बाद डॉ. कुमरे ने साफ-सफाई की खराब स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्टाफ को साफ-सफाई ठीक से बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही, मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने, सभी आवश्यक औषधियां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने और मरीजों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए भी स्पष्ट हिदायतें दीं। निरीक्षण के दौरान यूपीएससी का पूरा स्टाफ मौजूद था। डॉ. कुमरे ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## खबर संक्षेप

### 10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन अब 26 तक

**बैतूल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने गुरुवार को विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया है। वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि बढा दी है। अब विद्यार्थी 26 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में मंडल ने आदेश भी जारी कर दिए हैं। माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश के सचिव बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि को बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2026 थी। अब विद्यार्थी एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 26 अप्रैल तक हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा के आवेदन कर सकते हैं। शेष नियम-निर्देश पूर्ववत रहेंगे।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर छात्रों को दी पर्यावरण बचाने की सीख



**बैतूल।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर श्री बालाजी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शोधकर्ता डॉ. परेश जे. शाह ने इंजीनियरिंग छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि क्लाइमेट क्लॉक के काउंटडाउन से लोगों को सचेत और चिंतित होना चाहिए, क्योंकि यह पृथ्वी के बढ़ते तापमान की गंभीर भविष्यवाणी करता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पृथ्वी का तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस है, जो अगले 3 वर्ष 90 दिनों में 1.5 डिग्री सेल्सियस तक स्थाई रूप से पहुंच सकता है, जिसके दुष्परिणाम पृथ्वी पर जीवन को झेलने होंगे। उन्होंने कहा कि तापमान वृद्धि का मुख्य कारण मानव द्वारा अपनी सुविधाओं के लिए उपयोग में लाई जा रही तकनीकों से होने वाला कार्बन उत्सर्जन है। ऐसे में यदि तकनीक जीवनशैली का हिस्सा है तो उसका उपयोग आवश्यकता के अनुसार सीमित करना आवश्यक है। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. अंकित खासदेव एवं प्रो. कपिल पड़लक ने बताया कि पृथ्वी बचाओ की चेतना फैलाने के लिए महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग और स्पीच प्रतियोगिता जैसे आयोजन किए गए, ताकि छात्र अभियान से जुड़ सकें। कार्यक्रम द फाइनाइट अर्थ मोमेंट के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसकी एक टीम गांव-गांव जाकर जनजागृति का कार्य कर रही है। इस दौरान प्रो. वी.के. पांडे, प्रो. वी.के. मालवी, प्रो. नीलेश मिश्रा, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, सभी फैकल्टी सदस्य और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## किसानों ने तय समय सीमा तक जमा नहीं किया ऋण, अब भरना होगा तगड़ा ब्याज

# जिले के दस हजार किसान डिफाल्टर घोषित!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**जिले के करीब दस हजार किसानों ने अभी भी ऋण जमा नहीं किया है। तय समय सीमा तक ऋण जमा नहीं करने से यह किसान डिफाल्टर घोषित हो गये है। अब इन किसानों को न तो सोसायटियों से खाद्य-बीज मिलेगा और न ही शून्य प्रतिशत ब्याज दर से ऋण मिल पायेगा। जब तक कि किसान सहकारी बैंक के ऋण का भुगतान नहीं करते है। सबसे खासबात यह है कि अब इन किसानों को 12 प्रतिशत ब्याज दर के साथ ऋण जमा करना होगा।**

जिला सहकारी बैंक से मिली जानकारी के अनुसार जिले में खरीफ और रबी सीजन के लिए कुल 1 लाख 37 हजार किसानों ने 467 करोड़ का ऋण लिया था। जिसमें से खरीफ सीजन के लिए 82 हजार किसानों ने 364 करोड़ रूपये का ऋण लिया था, वहीं रबी सीजन के लिए 58 हजार किसानों को 176 करोड़ का ऋण बांटा है। इसमें से फरवरी तक 31 हजार किसानों ने 155 करोड़ रूपये ऋण जमा कर दिया है। मार्च में ड्यू डेट तक कुल 72 हजार किसानों ने खरीफ सीजन के लिए लिया गया ऋण 350 करोड़ रूपये जमा कर दिये। शेष ऋण अभी भी किसानों पर बकाया है। इन किसानों को ऋण की अदायगी 28 मार्च 2026 तक करना था। लेकिन दस हजार किसानों ने ड्यू डेट तक भी ऋण जमा नहीं किया। जिसकी वजह से इन किसानों को डिफाल्टर घोषित कर दिया गया।




### खरीफ के लिए मार्च और रबी के लिए जून तक समय

सरकार द्वारा किसानों को खरीफ और रबी सीजन के लिए जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर कर्ज मिलता है। खरीफ सीजन के लिए 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक लिए गए कर्ज को मार्च माह तक जमा करने पर जीरो प्रतिशत ब्याज लगता है। वहीं रबी फसलों के लिए 1 अक्टूबर से 31 मार्च तक कर्ज मिलता है, जिसे 15 जून तक जमा करने पर कोई व्याज नहीं लगता है। तय समय सीमा के बाद ऋण जमा करने पर ड्यू डेट तक 7 प्रतिशत और ड्यू डेट के बाद ऋण जमा करने पर किसानों को 12 प्रतिशत ब्याज दर के साथ राशि जमा करनी होती है। जो किसान ऋण जमा नहीं करते है, उन्हें डिफाल्टर घोषित कर दिया जाता है।

### 1 लाख 91 हजार किसानों के बने है क्रेडिट कार्ड

जिले में वैसे तो किसानों की संख्या ढाई लाख से अधिक है, लेकिन इनमें से 1 लाख 91 हजार किसानों का ही क्रेडिट कार्ड बना है। हालांकि कम ही किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण प्राप्त करते है। खरीफ सीजन में मात्र 82 हजार किसानों ने ऋण लिया था, जबकि रबी सीजन में 58 हजार किसानों ने जिला सहकारी बैक से ऋण लिया है। यदि खरीफ सीजन की बात करे, तो किसानों से ऋण वसूली के लिए बैंक कर्मचारियों ने गांव-गांव पहुंचकर ऋण वसूली की। बड़े बकायादारों को नोटिस भी जारी किए गए। इसके बाद भी शत-प्रतिशत वसूली नहीं हो सकी। मार्च तक 82 हजार किसानों में से केवल 72 हजार किसानों ने ही ऋण जमा किया। शेष किसानों ने ऋण वसूला बाकी है।

### खरीफ सीजन के ऋण की 96 प्रतिशत वसूली

खरीफ सीजन के लिए 82 हजार किसानों ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से 364 करोड़ का ऋण लिय था। इसमें से 350 करोड़ रूपये यानि 96 प्रतिशत की वसूली मार्च तक हो चुकी है। वहीं अभी भी दस हजार किसानों पर लगभग 14 करोड़ रूपये की राशि बकाया है। बताया जा रहा है कि अल्पकालीन कृषि ऋण निर्धारित अवधि में जमा करने पर ही शून्य प्रतिशत ब्याज का लाभ मिलता है। तय समय सीमा के बाद भुगतान करने पर 7 प्रतिशत ब्याज देना होता है और ड्यू डेट के बाद ऋण का भुगतान करने पर अब किसानों को 12 प्रतिशत ब्याज देना होगा। जिसमें 10 प्रतिशत ब्याज की राशि और 2 प्रतिशत पेनाल्टी की राशि जोडक़र ऋण का भुगतान करना होगा।

### फसल बेची तो सीधे कट जाएगी राशि

डिफाल्टर हुए किसानों के लिए अब एक बड़ा नुकसान यह होगा कि वे जैसे ही अपनी फसल समर्थन मूल्य या भावांतर योजना के तहत बेचते है तो उनकी ऋण की राशि कट जायेगी। दरअसल किसानों को समर्थन मूल्य या के रूप में शासन से जो भी राशि प्राप्त होगी, वह ऋण और ब्याज के रूप में काट ली जाएगी। इससे किसान अपनी उपज को निजी व्यापारियों को ही बेचेंगे, ताकि कम दाम ही सही, लेकिन पैसा सीधे उन्हें मिल सके। इधर किसानों का कहना है कि समय पर गेहूं खरीदी शुरू हो जाती, तो किसान उपज बेच कर ऋण अदा कर सकते थे। लेकिन समर्थन मूल्य पर खरीदी भी देरी से शुरू हुई। ऊपर से स्लॉट बुकिंग में दिक्कते आ रही है। ऐसे में किसानों को मजबूरी में खुले बाजार में उपज बेचना पड़ रहा है। जिससे किसानों को प्रति क्विंटल 100 से 400 रूपये का घाटा हो रहा है।

### इनका कहना है

खरीफ सीजन में 82 हजार किसानों को 364 करोड़ रुपए का ऋण दिया था, जिसमें से 350 करोड़ का ऋण वसूला जा चुका है। जिन किसानों ने ऋण जमा नहीं किया है, उन्हें डिफाल्टर घोषित कर दिया गया है। ऐसे किसानों को अब 12 प्रतिशत ब्याज दर के साथ ऋण जमा करना होगा।

**परिधि अग्रवाल,**
सीईओ, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, बैतूल

### ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाले आरोपी इंदौर से गिरफ्तार



**बैतूल।** थाना कोतवाली बैतूल ने अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर जब्त कर दो आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। इस मामले में थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा विवेचना करते हुए टीम रवाना कर बैतूल में पकड़ाई ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाले भूपेंद्र उर्फ़ बॉबी पिता रामकृष्ण लोवंशी उम्र 26 साल निवासी 40/2 किंग्स पार्क न्यू गौरी नगर इंदौर थाना हीरानगर इंदौर और आशुतोष उर्फ आशु पिता देवेंद्र सिंह सिसोदिया उम्र 28 साल निवासी इंडस ग्रीन सैटेलाइट देवास नाका इंदौर थाना लसूडिया इंदौर को इंदौर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उक्त आरोपियों से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाही में निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उप निरीक्षक राकेश सरयाम, उप निरीक्षक छत्रपाल, प्रधान आरक्षक शिव उइके, आरक्षक दीपेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।


### कांग्रेस का पैदल मार्च अब 26 अप्रैल को भोपाल में

**बैतूल।** महिला आरक्षण के समर्थन में कांग्रेस द्वारा भोपाल में प्रस्तावित शांतिपूर्ण पैदल मार्च की तारीख बदल दी गई है। अब यह मार्च 26 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम पूर्व निर्धारित समय और रूट के अनुसार ही होगा। पैदल मार्च शाम 4 बजे प्लेटिनम प्लाजा, माता मंदिर से प्रारंभ होकर रोशनपुरा चौराहा तक निकाला जाएगा।

## शादी से पहले ही छिन गया पिता का साया घड़ी व्यापारी अनिल देशमुख की मौत

### पत्रिका बांटकर लौट रहे थे, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



सडक़ दुर्घटना में प्रसिद्ध घड़ी व्यापारी अनिल देशमुख (55 वर्ष) का निधन हो गया। वे अपने बेटे करण की आगामी शादी की तैयारियों में व्यस्त थे और विवाह की पत्रिका वितरण के सिलसिले में मुलताई से साईखंडारा गए हुए थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पत्रिका वितरण के बाद अनिल देशमुख बाइक से वापस मुलताई लौट रहे थे। इसी दौरान बुधवार रात करीब 8 बजे रास्ते में एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घंटे तक नहीं मिली मदद, अस्पताल पहुंचने में हुई देरी-हादसे के बाद सबसे दुखद पहलू यह रहा कि घायल अवस्था में पड़े देशमुख को करीब एक घंटे तक तत्काल चिकित्सा सहायता नहीं मिल सकी। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। 1 मई को बेटे की शादी, घर में पसरा मातम-बताया जा रहा है कि अनिल देशमुख के बेटे करण का विवाह 1 मई को निर्धारित था और घर में शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। इस आकस्मिक हादसे ने पूरे परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। जहां घर में शादी की खुशियां थीं, वहीं अब शोक का माहौल छा गया है।

#### टक्कर मारकर फरार हुआ वाहन, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक अनुमान है कि वाहन तेज गति में था, जिससे हादसा हुआ। समय पर इलाज मिलता तो बच सकती थी जान-स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि हादसे के तुरंत बाद घायल को अस्पताल पहुंचाया जाता, तो संभवतः उनकी जान बचाई जा सकती थी। यह घटना एक बार फिर सडक़ सुरक्षा और गोल्डन ऑवर में उपचार की अहमियत को उजागर करती है।

#### आज हुआ अंतिम संस्कार

अनिल देशमुख का अंतिम संस्कार आज मुलताई मोक्ष धाम में रीति रिवाज के साथ किया गया , जिसमें बड़ी संख्या में परिजनों, व्यापारियों और नगरवासियों के शामिल हुए । यह हादसा न केवल एक परिवार के लिए गहरा आघात है, बल्कि सडक़ सुरक्षा, जिम्मेदार ड्राइविंग और दुर्घटना के बाद तत्काल सहायता की जरूरत पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

## गैस सिलेंडर हादसे में युवक की मौत

### पाइप लगाते समय भड़की थी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

वैष्णवी नगर क्षेत्र में 14 अप्रैल को गैस सिलेंडर में आग लगने से झुलसे 38 वर्षीय योगेश डांगे की मौत हो गई है। पाइप लगाते समय गैस रिसाव के बीच लाइटर जलाने से अचानक आग भडक़ गई थी, जिससे युवक करीब 90 प्रतिशत तक झुलस गया था। भोपाल में 10 दिन तक चले इलाज के बाद जब स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो परिजन उन्हें बैतूल वापस ले आए थे, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार, योगेश घर पर गैस सिलेंडर में पाइप लगा रहे थे। इसी दौरान पानी गर्म करने की तैयारी करते समय अचानक सिलेंडर से पाइप निकल गया।

गैस का रिसाव होने लगा और जैसे ही उन्होंने लाइटर जलाया, आग भडक़ गई। आग की चपेट में आने से योगेश बुरी तरह झुलस गए थे। हादसे के वक्त योगेश को आग की लपटों से घिरा देख एक पड़ोसी महिला ने तुरंत पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। महिला ने ही अन्य लोगों को मदद के लिए बुलाया, जिसके बाद घटना की सूचना परिजनों को दी गई। घटना के बाद योगेश को पहले बैतूल के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के अनुसार, वे लगभग 90 प्रतिशत तक झुलस चुके थे। हालत गंभीर होने पर उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया। भोपाल में 10 दिन तक उनका इलाज चला, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ।

### किसानो के हित में ऐतिहासिक निर्णय

## किसानों को बाजार दर का चार गुना मुआवजा मिलेगाः डॉ. योगेश पंडाग्रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व आमला विधायक डा.योगेश पंडाग्रे ने जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित प्रेस ब्रिंफिग के दौरान कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्री परिषद की बैठक में किसानो के हित में लिए गए बडे फैसलो का हम स्वागत करते है।

उन्होने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। अब कृषि भूमि के भू अर्जन पर किसानो को बाजार दर का चार गुना मुआवजा मिलेगा जो प्रदेश के विकास को रफतार देगा। श्री पंडाग्रे ने इस निर्णय को एतिहासिक बताते हुए कहा कि यह फैसला किसानो के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ साथ प्रदेश के विकास को गति देने वाला है। पिछले तीन वर्षो में 55 हजार से अधिक किसानो को तकरीबन 16 हजार करोड का मुआवजा दिया गया। जिसे बढाकर हर साल करीब 20 हजार करोड रू. किया जाएगा। श्री पंडाग्रे ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि बडे हुए मुआवजे से सिंचाई परियोजनाएं, सडक ,पूल और रेल्वे जैसे विकास कार्यो में तेजी आएगी। प्रदेश सरकार ने अधोसंरचना विकास के लिए 33,985 करोड रू. की




स्वीकृति भी दी हैं जिससे किसानो को सिंचाई सहित बुनियादी सुविधाओ का लाभ भी मिलेगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए श्री पंडाग्रे ने कहा कि विपक्ष का दायित्व किसानो के सशक्तिरण से जुडे ऐतिहासिक फैसलो का स्वागत करना होना चाहिए। वहीं विपक्ष अनावश्यक राजनीति करने से बाज नही आ रहा है। कृषि भूमि के भूअर्जन पर बाजार दर से 4 गुना मुआवजा देने वाला कदम किसनो की आय सम्मान और भविष्य से जुडा है। इसके बावजुद विपक्ष इसे लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है। जो स्पष्ट करता है कि विपक्ष की प्राथमिकता किसानो का हित नही बल्कि राजनीतिक लाभ है। श्री पंडाग्रे ने पत्रकारो के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि यह निर्णण किसानो को आर्थिक रूप से मजबूत करेगा। चार गुना मुआवजे की प्रेस ब्रिफिंग के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री अशोक पानसे, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल आदि रहे मौजूद।

## प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का अंतिम सत्र प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को प्रभावी, सटीक एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का फील्ड प्रशिक्षण अभियान सुदृढ़ रूप से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के नेतृत्व तथा अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी वंदना जाट के मार्गदर्शन में नगरीय एवं ग्रामीण चार्ज मुख्यालयों पर आयोजित यह प्रशिक्षण फील्ड स्तर पर कार्यकुशलता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। जिला योजना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नरेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 15 से 17 अप्रैल 2026 तक जिले की 9 तहसीलों के ग्रामीण चार्जों में 733 प्रगणक एवं 124 पर्यवेक्षक तथा 19 से 21 अप्रैल 2026 तक द्वितीय सत्र में 26 बैच के माध्यम से 10 ग्रामीण एवं 4 नगरीय चार्जों के कुल 937 प्रगणक एवं 159 पर्यवेक्षक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया जा चुका है। इसी क्रम में तृतीय एवं अंतिम सत्र में 30 बैच अंतर्गत 19 चार्ज में लगभग 1040 प्रगणक एवं 190 पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण संचालित हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण 22 से 25 अप्रैल अंतर्गत 30 बैचों के माध्यम से 10 ग्रामीण चार्ज-तहसील आमला, बैतूल, भैंसदेही, भीमपुर, घोड़ाडोंगरी, प्रभात पट्टन, मुलताई, शाहपुर, चिचोली एवं आठनेर में लगभग 730 प्रगणकों एवं 130 पर्यवेक्षकों एवं 09 नगरीय चार्ज क्रमशः बैतूल, आमला, मुलताई, सारनी नगर पालिका और आठनेर, घोड़ाडोंगरी, चिचोली, शाहपुर एवं भैंसदेही नगर परिषद के लगभग 310 प्रगणकों और 60 पर्यवेक्षकों को 64 फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम दिवस में प्रतिभागियों को जनगणना की मूल अवधारणा, महत्व, विधिक प्रावधान, डेटा गोपनीयता एवं सटीकता संबंधी निर्देशों के साथ-साथ प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की भूमिका एवं दायित्वों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन एचएलओ मोबाइल एप के उपयोग, तकनीकी विशेषताओं, डेटा प्रविष्टि प्रक्रिया एवं फील्ड में इसके प्रभावी संचालन पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

### कलेक्टर ने की जिला स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

# जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो: कलेक्टर डॉ. सोनवणे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंन निर्देश दिए कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।



कलेक्टर डॉ सोनवणे ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण अभियान, सिकल सेल एनीमिया, आरबीएसके, पोषण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना, एचपीवी वैक्सीन सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों और स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा दवाइयों की उपलब्धता में किसी प्रकार की कमी न हो। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जाए और समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर लोगों को उपचार की सुविधा दी जाए। साथ ही गंभीर मरीजों के रेफरल में लापरवाही न बरती जाए। एनसीडी समीक्षा के दौरान कम प्रगति पाए जाने पर कलेक्टर डॉ सोनवणे ने एनसीडी नोडल अधिकारी को नोटिस जारी किए जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा, समग्र ई-केवाईसी बढ़ाने के दिए निर्देश :** कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने सीएम डैशबोर्ड के विभिन्न सूचकांकों की समीक्षा करते हुए एएनसी रजिस्ट्रेशन से जुड़ी प्रगति का आंकलन किया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की समग्र ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होने की समस्या सामने आने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक डेटा संकलन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रसूति सहायता योजना एवं जननी सुरक्षा योजना की जानकारी व्यापक रूप से दी जाए, ताकि अधिक से अधिक गर्भवती महिलाएं समग्र ई-केवाईसी के लिए प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ तभी सुनिश्चित होगा जब हितग्राहियों का सही और पूर्ण पंजीयन हो। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन और आवश्यक जांच सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए । साथ ही इस कार्य को प्रभावी बनाने के लिए आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को फील्ड पर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और आगामी बैठक में बेहतर प्रगति सुनिश्चित करें।

**4 एएनसी जांच में कमी पर प्रगति लाने के निर्देश:** जिले में गर्भवती महिलाओं के निर्धारित 4 एएनसी चेकअप में कमी पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने शाहपुर, मुलताई और प्रभात पट्टन के बीएमओ को निर्देश दिए हैं कि इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सूचकांक में शीघ्र सुधार लाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला का समय पर एएनसी जांच होना सुनिश्चित किया जाए, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि क्षेत्रवार समीक्षा कर कम प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाए।

**CHANGE OF NAME**

I, No.- 6486689A, Rank- EX NK/DVR(SPL) Name- **PRAMOD SINGH DEVADHE**, resident of Vill.-Bharkawadi, Post- Bharkawadi, Teh.- Betul, Distt.- Betul (MP), Pin- 460004, have changed name of my Daughter's name from **KUMARI NIDHI** to **NIDHI DEVADHE**, vide affidavit dated 17-04-2026 of 1'st Class Magistrate Betul, Distt.- Betul (MP)

**CHANGE OF NAME**

I, **DURGA BAI** is legally wedded souse of No. 6486689A Rank- EX NK/DVR (SPL) Name- **PRAMOD SINGH DEVADHE**, resident of Vill.- Bharkawadi, Post- Bharkawadi, Teh.-Betul, Distt.- Betul (MP), Pin- 460004, have changed my name from **DURGA BAI** to **DURGA DEVADHE**, vide affidavit dated 17-04-2026 of 1'st Class Magistrate, Betul, Distt.- Betul (MP)

**श्रद्धांजलि कार्यक्रम**



**स्व. श्री महेश पचौरी जी**

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्यनीय स्व. श्री महेश पचौरी जी का स्वर्गवास गत 12 अप्रैल को हो गया है, जिनका श्रद्धांजलि कार्यक्रम 24 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) को सायं 4.30 बजे रखा गया है। अतः ब्रह्मलीन आत्मा की शांति हेतु आपकी उपस्थिति प्राथनीय है।

-:: शोकाकुल ::-
कणिका - दिनेश शर्मा,
निमिषा - संजय द्विवेदी,
विपाशा मिश्रा, आशीष, तूलिका, गौरव,
उत्कर्ष व समस्त पचौरी परिवार

-:: शोक संतृप्त ::-
शकुंतला (धर्मपत्नी),
राजेंद्र, मोहन, संजय (भाई)
एवं समस्त परिवारजन

::कार्यक्रम स्थल::
श्री द्वारका लॉन, तिवारी पेट्रोल पंप के सामने, कालापाठा रोड, बैतूल

## खबर संक्षेप

### उमंग जीईई -मेन्स परीक्षा 98% अंक से उत्तीर्ण



**माखन नगर।** उमंग मालवीय पिता संजय मालवीय ने ऑनलाइन पढ़ाई करते हुए जे ई ई मेन्स एग्जाम 98% से पास किया है उमंग ने ऑल इंडिया रैंक 8498 हासिल की है उमंग ने कक्षा 12वीं की परीक्षा भी गणित विषय से 98% अंक लाकर पास की है उमंग ने ये उपलब्धि प्राप्त कर परिवार एवं माखन नगर का गौरव बढ़ाया है परिवार जनों एवं समाज के लोगों ने हर्ष जताते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देकर बधाई दी है।

### नपाध्यक्ष ने वार्डों में जांची सफाई व्यवस्था

**इटारसी।** शहर की स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने विभिन्न वार्डों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वालों को सख्त लहजे में चेतावनी दी और मौके पर ही एक पुरानी जनसमस्या का समाधान कर क्षेत्रवासियों को राहत पहुंचाई। नपा अध्यक्ष ने वार्ड 15, 18 एवं 19 का पैदल भ्रमण कर नालियों और सड़कों की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अमले को कड़े निर्देश दिए। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि नालियों की सफाई केवल कागजों पर नहीं बल्कि धरातल पर नियमित होनी चाहिए।

### पुलिस की ढुलमुल नीति पर नाराज़ विधायक, थाने पहुंचे दी आला अधिकारियों को चेतावनी

# अपराध उन्मूलन पुलिस की जवाबदारी अमला लगाए अपराध पर लगाम: सिंह

विधायक विजयपाल सिंह स्थानीय थाने भी पहुंचे थे। जहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों से आपराधिक व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की बात कही। थाने में उन्होंने एसडीओपी संजू चौहान व टीआई राहुल रायकवार से सीधे चर्चा की।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

अपराध का उन्मूलन पुलिस की जवाबदारी है। सोहागपुर क्षेत्र में पुलिस को अपराध पर नियंत्रण करना होगा। अन्यथा मैं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विरोध करूंगा। उक्त बात सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने बुधवार शाम लोनिवि विश्रामगृह में प्रेस वार्ता दौरान कही। उन्होंने अन्य सवालों के भी जवाब दिये।

उल्लेखनीय है कि प्रेसवार्ता के पहले विधायक विजयपाल सिंह स्थानीय थाने भी पहुंचे थे। जहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों से आपराधिक व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की बात कही। थाने में उन्होंने एसडीओपी संजू चौहान व टीआई राहुल रायकवार से सीधे चर्चा की। ब्लॉक में जारी सट्टा, जुआं, अवैध शराब बिक्री, रेत के अवैध उत्खनन/परिवहन जैसी गतिविधियों पर भारी रोष जताया। इन गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की बात सिंह ने कही। पुलिस विभाग ने आगामी पांच दिनों में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की बात कही है। इसके उपरांत शाम छह बजे लोनिवि विश्रामगृह में विधायक ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने मीडिया से कहा कि कि ब्लॉक में बड़ी मात्रा में ये गतिविधियां संचालित हो रही हैं। जिस कारण अपराध बढ़ रहे हैं और युवा भ्रमित हो रहे हैं। इन गतिविधियों पर रोक नहीं लगी तो कड़े विरोध का सामना पुलिस को करना होगा।

#### किसानों से खरीदेंगे एक-एक दाना



प्रेस वार्ता में मीडिया ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के संबंध में चर्चा की। जिस पर विधायक सिंह ने कहा कि शुरु में पांच एकड़ के किसानों का पंजीयन किया जा रहा था। अब पांच एकड़ से अधिक रकबे वाले किसानों का पंजीयन किया जाएगा और उनके उपज की खरीदी प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कि मप्र की कृषक हितैषी भाजपा सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीदेगी। उन्होंने प्रेसवार्ता में उपस्थित भाजपा नेताओं तथा जनप्रतिनिधियों से कहा है कि गेहूं खरीदी केंद्र पहुंचे। किसानों से भेंटकर उनकी समस्याओं के निराकरण करें। उन्होंने कहा कि किसान बंधुओं को खरीदी दौरान कोई परेशानी ना हो, इस बात कि ध्यान भाजपाई रखें।

#### समस्याओं पर सवाल-जवाब

पत्रकारों ने विधायक विजयपाल सिंह से कुछ स्थानीय मुद्दों तथा स्थानीय समस्याओं सहित वर्षों से लंबित मांगों पर भी चर्चा की। जिसमें नगर में यातायात सुधार, नगर में सीसीटीवी कैमरा लगाने, सिद्ध बाबा मंदिर के समीप शासकीय भूमि पर कब्जे सहित समूचे ब्लॉक में फैले अतिक्रमण को हटाना, गौशाला संचालन में लापरवाही, सूदखोरी के बढ़ते मामले, अपर्याप्त पुलिस बल आदि विषयों पर चर्चा हुई। नगर में सीसीटीवी कैमरा लगाने पर विधायक ने कहा कि दो माह में सीसीटीवी कैमरे लगाएंगे, लेकिन आवश्यकता पड़ी तो क्षेत्रीय दान दाताओं का सहयोग लेंगे। सड़कों पर भटकते गौवंश के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस संवेदी मामले में समाज भी गौमाता के संरक्षण के लिए कार्य करे। उन्होंने कहा कि वे स्वयं गौशाला संचालित करते हैं, जिसमें 170 से अधिक गायों को सुरक्षा दी जा रही है।

# नहर विभाग की बड़ी कार्रवाई बाईपास से हटाया अतिक्रमण

### पीड़ितों ने लगाया जल्दबाजी में तोड़फोड़ का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

नंदरवाड़ा रोड बाईपास स्थित नहर विभाग की जमीन पर गुरुवार दोपहर बड़ी कार्रवाई करते हुए विभागीय अमले ने अतिक्रमण हटाया। जेसीबी मशीन की मदद से यहां बनी 10 से 12 झोपड़ियों को हटाया गया, जिससे वहां रह रहे करीब 12 परिवार बेघर हो गए। कार्रवाई के दौरान परिवारों का घरेलू सामान भी खुले आसमान के नीचे आ गया। स्थानीय लोगों के अनुसार गुरुवार दोपहर नहर विभाग की टीम अचानक जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची और झोपड़ियों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। महिलाएं और बच्चे सामान बचाने में जुटे नजर आए।

#### पीड़ित परिवारों का दर्द

झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों का कहना है कि विभाग ने पहले नोटिस दिया था, जिसके बाद वे स्वयं सामान समेट रहे थे। आरोप है कि अधिकारियों ने पर्याप्त समय दिए बिना जल्दबाजी में तोड़फोड़ कर दी, जिससे घरेलू सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। एक पीड़ित महिला ने रोते हुए बताया कि परिवार मजदूरी कर बच्चों का पालन-पोषण करता है। नोटिस मिलने के बाद सामान समेटने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन अधिकारियों ने कोई बात नहीं सुनी। अब घर भी टूट गया और सामान भी बर्बाद हो गया।

#### विभाग का पक्ष

इस मामले में नहर विभाग के अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि बाईपास स्थित नहर विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया था। विभाग द्वारा तीन बार नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। बार-बार चेतावनी के बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गुरुवार को कार्रवाई की गई। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार बाईपास की जमीन पर पिछले कई वर्षों से झोपड़ियां बनाकर लोग रह रहे थे। फिलहाल अतिक्रमण पूरी तरह हटा दिया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में यदि दोबारा नहर विभाग की जमीन पर कब्जा किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पोषण पखवाड़ा समापन एवं नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम आयोजित

**सिवनी मालवा।** कलेक्टर नर्मदापुरम के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में परियोजना सिवनी मालवा के सेक्टर क्रमांक 02, वार्ड क्रमांक 14 में पोषण पखवाड़ा समापन एवं नारी शक्ति बंधन पखवाड़ा अंतर्गत गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण जागरूकता तथा महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। पोषण पखवाड़ा समापन कार्यक्रम के अंतर्गत पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की माताओं तथा गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने पौष्टिक व्यंजन तैयार कर स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद दीपक बाथम उपस्थित रहे।

# कलेक्टर के दौरे की तैयारी में वार्डों की सफाई व्यवस्था बेपटरी, पार्षद ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



नगर में नवागत कलेक्टर के प्रस्तावित दौरे को लेकर नगरपालिका प्रशासन द्वारा मुख्य मार्गों और हाईवे की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हालांकि, इस 'वीआईपी' व्यवस्था के कारण शहर के वार्डों की नियमित सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को वार्ड क्रमांक 8, 9 और 10 के सफाई कर्मचारियों को उनके मूल क्षेत्रों से हटाकर हाईवे और कृषि उपज मंडी के सामने सफाई कार्य में लगा दिया गया। चूंकि यह क्षेत्र पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आता है, इसके बावजूद वार्ड के अमले को वहां तैनात किए जाने से स्थानीय निवासियों को गंदगी और अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया ने इस पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार उनके वार्ड के कर्मचारियों को ही निशाना बनाया जाता है। शहर में 34 वार्ड होने के बावजूद सिर्फ एक ही वार्ड के कर्मचारियों को अन्यत्र भेजना समझ से परे है। उन्होंने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिकायतों के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है। इस मामले में सीएमओ रितु मेहरा का कहना है कि विशेष परिस्थितियों में कर्मचारियों को अतिरिक्त कार्य में लगाया जाता है, लेकिन वार्ड की सफाई प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए कार्य योजना बनाई जाएगी। दूसरी ओर, स्वच्छता प्रभारी पर मनमानी और कर्मचारियों को धमकाने के आरोप भी सामने आए हैं।


# पुलिस का क्लीन स्वीप अभियान : चाकूबाजों और बदमाशों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शहर में पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रही चाकूबाजी की घटनाओं ने आम नागरिकों और व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी थी। इन वारदातों पर अंकुश लगाने और अपराधियों में खौफ पैदा करने के उद्देश्य से इटारसी पुलिस अब एक्शन मोड में आ गई है। पुलिस ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करते हुए रात 11 बजे के बाद बाजार बंद कराना शुरू कर दिया है और देर रात तक आवारा घूमने वाले संदिग्धों की सघन तलाशी ली जा रही है।

#### रात 11 बजे सड़कों पर उतरी पुलिस

बढ़ते अपराधों को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस बल ने रात 11 बजते ही मुख्य बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में दुकानें बंद कराना प्रारंभ कर दिया है। पुलिस का मुख्य उद्देश्य देर रात तक अनावश्यक जमावड़े को रोकना है, जो अक्सर विवाद और चाकूबाजी जैसी घटनाओं की जड़ बनते हैं। पुलिस की इस सक्रियता से सड़कों पर बेवजह घूमने वाले तत्वों में भगदड़ मच गई है।



#### तलाशी अभियान में बदमाशों से मिले चाकू

पुलिस ने जब सार्वजनिक स्थानों, चौराहों और नाकों पर आवारा घूमने वाले युवाओं और पुराने बदमाशों की घेराबंदी कर तलाशी ली, तो चौंकाने वाले नतीजे सामने आए। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 5 बदमाशों को धारदार और नोकदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने काली मंदिर के पास से विक्की उर्फ विकास चौधरी और एचएल अग्रवाल कॉलेज पुरानी इटारसी के पास से एसद खान को चाकू के साथ दबोचा। पुलिस ने सनखेड़ा नाका और गैलेक्सी गार्डन के पास घेराबंदी कर अंशुल डागोरिया और उसके भाई अनिकेत डागोरिया को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। 18 बंगला क्षेत्र से विक्रम सिंह टेकाम को धारदार चाकू के साथ हिरासत में लिया।

#### अपराध मुक्त इटारसी की ओर कदम

इस कार्रवाई में आरक्षक अरुण झरबड़े, मनमोहन सिंह, चंदन सिंह, राजेश टेटवार, संजय पाठक और उपनिरीक्षक जनकलाल पवार की टीम ने मुख्य भूमिका निभाई। थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने चेतावनी दी है कि चाकूबाजी और गुंडागर्दी करने वालों के विरुद्ध यह अभियान सतत जारी रहेगा। रात के समय अनावश्यक घूमने वालों और नियम तोडऩे वालों पर पुलिस की पैनी नजर है।

# रेडक्रॉस सोसायटी का हुआ गठन, उपस्थित समाजसेवियों ने ली रेडक्रास की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को एसडीएम प्रियंका भलावी की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सोसाइटी का गठन किया गया है। जिसमे नायब तहसीलदार रंजीत सिंह चौहान, क्षेत्रीय समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, नारायण दास छाबड़यि, मुकेश मालवीय तथा अभिषेक जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग से सागरिका, अनिता साहू, शेर सिंह बड़कुर रेडक्रॉस सोसाइटी वर्कर, वर्षा पालीवाल अधिवक्ता, त्रिलोकचंद साहू, एसएस पटेल तथा अन्य नागरिक तथा स्वास्थ्य विभाग कर्मी उपस्थित थे। सोहागपुर बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान एसडीएम प्रियंका भलावी, समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, नारायण दास छाबड़िया, मुकेश मालवीय, अभिषेक जैन तथा बीएमओ ने रू 1000 प्रति व्यक्ति के



हिसाब से रू 6000 जमा कर रेडक्रॉस सोसाइटी की सदस्यता प्राप्त की है। बैठक में कन्नूलाल अग्रवाल ने सुझाव दिया कि नए युवा सदस्यों को सोसायटी से जोड़ा जाए। सभी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा अपेक्षा की है कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान शिविर, नेत्र परीक्षण शिविर आदि का आयोजन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा किया जाना चाहिए।

# शहर स्थित मैरिज गार्डन संचालकों को नगर निकाय में कराना होगा विवाह स्थल पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

शहरी क्षेत्र में विवाह स्थलों के रूप में संचालित मैरिज गार्डन तथा भवनों का संचालकों को अब पंजीयन करवाना होगा। यह आदेश अप्रैल माह के प्रथम पखवाड़े में सोहागपुर नप द्वारा जारी किया गया है। सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के कार्यालय से जारी पत्र क्रमांक/538/राजस्व शाखा/2026 के अनुसार नगर परिषद द्वारा पारित निर्णय अनुसार नगरीय क्षेत्र अंतर्गत मप्र नगर पालिका (विवाह स्थल का पंजीयन एवं उपभोग) आदर्श उपविधि 2020 को लागू करने की सूचना प्रकाशित की जा चुकी है। जिसके अनुसार मप्र नगर पालिका आदर्श उपविधि 2020 एवं परिषद द्वारा पारित संकल्प कमांक 301 की स्वीकृति अंतर्गत नगरीय क्षेत्र सोहागपुर में सभी विवाह स्थलों धारा-2 (ज) अनुसार जैसे होटल भूखंड, फार्म, सामुदायिक केन्द्र, क्लब, धर्मशाला इत्यादि] का पंजीयन कराया जाना अनिवार्य है। पत्र में उल्लेख है कि धारा 18 के अंतर्गत नगर पालिका की सीमा के अंदर कोई भी व्यक्ति, संस्था, कंपनी नगर परिषद से अनुज्ञप्ति प्राप्त किये बिना किसी स्थान का विवाह हेतु उपयोग नहीं करेगा। समस्त विवाह स्थलों के संचालक उपरोक्त नियमानुसार सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर विवाह स्थलों का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। यह ज़रूरी सूचना नप अध्यक्ष लता यशवंत पटैल, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, नप की राजस्व समिति सभापति अमृता चौरसिया तथा सीएमओ धर्मन्द्र शर्मा के आदेश अनुसार जारी की गई है।

सीएमओ कार्यालय से जारी पत्रानुसार सभी उक्त भवनों के संचालक सोहागपुर नगर परिषद की राजस्व शाखा से प्रारूप एवं पंजीयन संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 26 को, डॉ. चित्तवार देंगे सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

नगरवासियों के बेहतर स्वास्थ्य और बीमारियों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से पचमढ़ी में एक महत्वपूर्ण चिकित्सा शिविर का आयोजन होने जा रहा है। 'सेहत की मिठास, जीवन का एहसास' ध्येय वाक्य के साथ आगामी 26 अप्रैल को क्षेत्र की जनता के लिए नि:शुल्क मधुमेह, हार्मोन, मोटापा प्रबंधन और थायरॉयड जैसी बीमारियों की जांच व परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा।




आयोजक समिति के सदस्य संजय कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पचमढ़ी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों के लिए एक सुनहरा अवसर है। इस शिविर में मध्य भारत प्रांत के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. सचिन चित्तवार अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहेंगे। डॉ. चित्तवार मधुमेह (शुगर) और हार्मोन संबंधी रोगों के उपचार में विशेषज्ञता रखते हैं और उनकी सेवाएं नगर में मिलना स्थानीय लोगों के लिए बड़े सौभाग्य की बात है। अम्बे माई एवं श्री शत चंडी महा यज्ञ समिति द्वारा आयोजित इस शिविर को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

# स्वस्थ समाज के संकल्प के साथ 8वें पोषण पखवाड़े का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में 9 अप्रैल से संचालित 8वां पोषण पखवाड़ा गुरुवार, 23 अप्रैल को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पखवाड़े का समापन कार्यक्रम पचमढ़ी के वार्ड नंबर 04 में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया।

बीते 15 दिनों के दौरान क्षेत्र के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में मातृ एवं शिशु पोषण, प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास और 'नारी शक्ति वंदन' जैसे विषयों पर जागरूकता गतिविधियाँ चलाई गईं। समापन अवसर पर विशेषज्ञों ने पोषण के महत्व को समझाते हुए इसे स्वस्थ समाज की आधारशिला बताया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय से सफिया मैडम, डॉ. सत्यप्रकाश, महिला मोर्चा अध्यक्ष संध्या ठाकुर, एवं पर्यवेक्षक रजनी वर्मा उपस्थित रहीं। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजेश्वरी परते सहित महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

# विप्र समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

सर्व ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह से मनाया शोभा यात्रा निकाली जिसमें सर्व ब्राह्मण महिला संगठन की पदाधिकारी सदस्य पीले परिधान पहनकर शामिल हुई

शोभायात्रा में शामिल विप्र बंधुओ का नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं सामाजिक संगठन व्यापारी संगठनो ने शीतल जल पिलाया आइसक्रीम खिलाई शनिचरा बाजार में सेनानी परिवार के दीपक वर्मा ने विप्र बंधुओ को तिलक लगाकर अंग वस्त्र भेंट किया। विधायक विजयपाल सिंह ने परशुराम भवन पहुंचकर प्रथम तल पर भवन निर्माण के लिए पूजन किया एवं विप्र बंधुओ को परशुराम जन्मोत्सव की शुभकामनाए दी





परशुराम भवन में आयोजित समारोह में सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष जितेंद्र ओझा सर्व ब्राह्मण महिला संगठन की जिला अध्यक्ष आशा दुबे ब्लॉक अध्यक्ष रमन शुक्ला महिला संगठन अध्यक्ष रमा मिश्रा न प अध्यक्ष रीना तिवारी पूर्व न प अध्यक्ष निकुंज लता गुरु संरक्षक रमेश तिवारी ने प्रथम तल पर कक्ष निर्माण के लिए दान दाता पी एन गुरु राम शंकर चतुर्वेदी एवं अन्य सदस्यों का सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारीयो ने स्वागत किया

प्रतिभाशाली बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किया शोभायात्रा में युवा ब्राह्मण संगठन परशुराम सेना के पदाधिकारी सहित आसपास ग्राम के विप्र बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### विधायक निधि से नलकूप का हुआ लोकार्पण



**इटारसी।** वार्ड 28 के नागरिको को अब पीने के पानी की समस्या सें नहीं जूझना पड़ेगा। वार्ड मे विधायक निधि से हुए नलकूप खनन सें अब वार्ड वासियों को पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। जिसका लोकार्पण आज वार्ड वासियों की मौजूदगी मे विधायक डॉ सीताशरण शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ सीतासरण शर्मा ने वार्डवासियों को विश्वास दिलाया कि वह वार्ड की हर समस्या के हल हेतु पार्षद नपाध्यक्ष सहित वार्ड वासियों के साथ हमेशा खडे रहेंगे। इस अवसर पर नपाध्यक्ष पंकज चोरे, सर्वब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष जितेंद्र ओझा आदि मौजूद रहे।

**// आम सूचना //**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है नगर पालिका परिषद इटारसी नगर/ इंदिरा कालोनी में भवन LIG-122 श्री स्व सूरज प्रसाद अग्रवाल पिता स्व. नाथूराम अग्रवाल के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्री अशोक अग्रवाल पिता स्व नाथूराम अग्रवाल अपने नाम नामान्तरण कराना चाहते/ चाहती है उक्त भवन /भूखंड / दुकान का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन उपरान्त 15 पन्द्रह दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अघोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते है । यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ती मान्य नहीं की जाएगी ।

**मुख्य नगर पलिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद इटारसी**

**खबर संक्षेप**

### सड़क हादसे में महिला की मौत, जांच जारी

**हरदा।** गुरुवार दोपहर करीब एक बजे ग्राम अतरसमा के पास हुए एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान देवास जिले की खातेगांव के ग्राम रिछीगांव निवासी वसुबाई पति मोहनलाल विश्वकर्मा (60) के रूप में हुई। वह अपने गांव से छोटी बहन से मिलने अतरसमा आई थी, जिनका एक बेटा ओर एक बेटी है। शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखा गया है। जानकारी के अनुसार, महिला ग्राम अतरसमा के पास मोबाइल पर बात करते हुए सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान हंडिया की ओर से आ रही मजदूरों से भरी एक पिकअप ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला सड़क पर गिर गई। मौके पर मौजूद विधिक सेवा कार्यकर्ता कंचन लुनिया ने बताया कि दुर्घटना के बाद भीड़ जमा हो गई थी। उन्होंने खातेगांव तहसील के ग्राम लवरास निवासी गणेश जाट की कार रोकी, जो अपने भतीजे सिद्धार्थ के साथ हरदा आ रहे थे। गणेश जाट और सिद्धार्थ ने महिला को तुरंत एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को जिला अस्पताल लाया गया, जहां दोबारा जांच के बाद उसे मृत घोषित कर मर्चुरी में रखवा दिया गया। पुलिस ने टक्कर मारने वाले पिकअप चालक को हिरासत में ले लिया है।

### 70 लीटर अवैध देसी शराब जब्त

**हरदा।** थाना हंडिया पुलिस ने ग्राम उढाल, विष्णु कोरकू के खेत के पास नर्मदा घाट पर दबिश दी। मौके पर आरोपी छन्नू कोरकू पिता भावलाल कोरकू उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम उढाल को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 70 लीटर कच्ची महुआ हाथ भट्टी शराब (कीमत लगभग 14 हजार की बरामद हुई। शराब को विधिवत नापतौल कर दो प्लास्टिक केनों में सीलबंद किया गया। आरोपी से लाइसेंस संबंधी पूछताछ पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दी गई। जप्तशुदा माल थाना मालखाना में जमा किया गया। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है।

### ग्रामीण हाट बाजार होंगे प्लास्टिक मुक्त

**हरदा।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के हाट बाजारों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हाट बाजारों में प्लास्टिक का कचरा फैलाने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाया जाएगा। इस पहल के तहत हाट बाजारों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सौर ऊर्जा से चलित सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम करताना के हाट बाजार में सौर ऊर्जा चलित सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। कलेक्टर जैन ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण ग्रामीण पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। हाट बाजारों में सफाई व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दुकानदारों की भी है। जो दुकानदार कचरा फैलाते पाए जाएंगे, उन पर तत्काल चालानी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा और हाट बाजारों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के अभियान को गति मिलेगी।

### महाविद्यालयों में महिला जागरूकता कार्यक्रम किया गया

# छात्र-छात्राओं को महिला व बालिकाओं के अधिकारों, योजनाओं की जानकारी दी




हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

वन स्टॉप सेंटर हरदा द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज, हरदा एवं प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, हरदा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी प्रशासक अभिलाषा पटेरिया एवं केस वर्कर रितु राजपूत ने छात्र-छात्राओं को महिला एवं बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा, बाल विवाह निषेध, दहेज प्रथा उन्मूलन तथा राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही ह्यहब फॉर एंपावरमेंटह्व के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित स्वरोजगार योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर द्वारा उपलब्ध सेवाओं परामर्श सहायता, विधिक सहायता, आश्रय सहायता, चिकित्सा सहायता एवं पुलिस सहायता की जानकारी दी गई।

साथ ही प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930, आपातकालीन सेवा 112 एवं विधिक सेवा प्राधिकरण हेल्पलाईन 15100 के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा के प्रभारी प्राचार्य सी. एस. चौहान एवं प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविधालय, हरदा के प्रभारी प्राचार्य डॉ. राकेश सिंह परस्ते, एनएसएस प्रभारी डॉ. मनीषा चौहान, शिक्षकगण एवं वन स्टॉप सेंटर हरदा का स्टाफ मौजूद रहा।

## राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

हरदा। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा गोद लिए गए ग्राम सुल्तानपुर में ग्रामीण महिलाओं के बीच आंगनबाड़ी केंद्र पर राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख डॉ. संध्या मुरे ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण के प्रति ग्रामीण समुदाय में जागरूकता को बढ़ाना था। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक जागृति बोरकर ने बताया कि जीवन के प्रारंभिक 6 वर्ष में मस्तिष्क का लगभग 85 प्रतिशत विकास हो चुका होता है इसलिए प्रारंभिक जीवन के इन वर्षों में वृद्धि एवं विकास पर ध्यान देना नितांत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने जीवन के 1000 दिवस की महत्व पर प्रकाश डाला और ग्रामीण महिलाओं को वर्तमान मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए डायरीया, डिसेंट्री एवं हीट स्ट्रोक से बचाव के सुझाव दिए। इस दौरान समझाइश दी गई कि बांसी भोजन एवं खुले भजन और पानी से परहेज करें यह सर्वाधिक संक्रमण का कारण हो सकते हैं। बच्चों में इस समय शरीर में तरल की कमी ना हो इसका विशेष ध्यान रखें।



### नशे के खिलाफ अभियान

## एक तस्कर गिरफ्तार, 1 किलो 330 ग्राम अवैध गांजा बरामद



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

सिविल लाइन थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 330 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत 15,000 रुपए बताई जा रही है। थाना प्रभारी आर.एस. तिवारी ने अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, संग्रहण और परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक टीम का गठन किया था। इसी क्रम में, बुधवार शाम को पुलिस को अवैध गांजा बिक्री की मुखबिर सूचना मिली।

सूचना के आधार पर, पुलिस टीम अमरलोक कॉलोनी के सामने एलबीएस कॉलेज रोड के पास पहुंची। वहां मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा, जो पुलिस को देखकर घबरा गया। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। संदिग्ध ने अपना नाम विनोद पिता मंगतूलाल कुचबंदिया (40 वर्ष), निवासी टंकी मोहल्ला, हरदा बताया। विनोद के हाथ में रखे हरे रंग के थैले की तलाशी लेने पर उसमें 1 किलो 330 ग्राम गांजा मिला। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए गांजे को जब्त कर लिया गया।

आरोपी विनोद कुचबंदिया को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सिविल लाइन थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी का बेटा भी अवैध मादक पदार्थों का कारोबार करता है। विनोद टिमरनी थाना क्षेत्र के निगरानीशुदा बदमाश बंटी कुचबंदिया से गांजा लाया करता था। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रामसुमेर तिवारी, एसआई संदीप यादव, हेड कांस्टेबल दुर्गेश सेंगर, उमेश राजपूत, आरक्षक वीरेंद्र राजपूत, सैनिक सूरज पासी और सैनिक संतोष ओझा की भूमिका रही।

### यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई

## मोटरसाइकिल में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर हुड़दंग करने वाले चालक को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

शहर में मोटरसाइकिल में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज फटाके जैसी आवाज निकालने एवं साइलेंसर से आग निकालते हुए हुड़दंग कर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने वाले चालक पवन पिता दिनेश सोलंकी, निवासी छीपानेर रोड, ग्वालनगर के विरुद्ध यातायात पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है।

ज्ञात हो कि, चालक द्वारा विगत रात्रि अपनी मोटरसाइकिल में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर शहर में घूमते हुए फटाके जैसी आवाज निकालते एवं साइलेंसर से आग निकालते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया था। उक्त कृत्य से आमजन में भय एवं असुविधा की स्थिति निर्मित हो रही थी। यातायात पुलिस द्वारा उक्त वीडियो के आधार पर चालक की लगातार तलाश की जा रही थी। आज पुलिस टीम द्वारा आरोपी चालक को ढूंढकर वाहन सहित पकड़ लिया गया। मौके पर ही वाहन से मॉडिफाइड साइलेंसर निकालकर जब्त किया गया। उक्त चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण तैयार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।



### आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया

## शंकराचार्य के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा




आदि गुरु शंकराचार्य जयंती के अवसर पर पीएम श्री स्वामी विवेकानंद स्नाकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शंकराचार्य के जीवन, दर्शन और समाज जागरण में उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने युवाओं को भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ने और उनके विचारों को अपनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत ने कहा कि शंकराचार्य का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। ऐसे वैचारिक कार्यक्रम स्कूल और कॉलेज स्तर पर नियमित रूप से होने चाहिए, ताकि नई पीढ़ी अपने सांस्कृतिक मूल्यों को समझ सके। सुभाष शुक्ला ने कहा कि शंकराचार्य ने भारतीय आध्यात्मिक चेतना को नई दिशा दी और समाज को पुनः सनातन परंपरा से जोड़ा। उन्होंने चार धाम की स्थापना कर देश की सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ किया। सच्चिसुख दास महाराज ने कहा कि शंकराचार्य ने अल्प आयु में पूरे देश का भ्रमण कर धर्म और ज्ञान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया। मात्र 32 वर्ष की आयु में उन्होंने जनजागरण का महत्वपूर्ण कार्य किया।

कार्यक्रम में हरिहर आश्रम, भमोरी के राजेश दास महाराज ने कहा कि आज समाज को पुनः जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने वेदों की ओर लौटने, नर्मदा सेवा और स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा, ह्लहम सुधरेंगे तो युग सुधरेगा, हम बदलेंगे तो युग बदलेगा।ह्व संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी ने कहा कि जब एक छोटा बालक अपनी संस्कृति के महत्व को समझ सकता है, तो हम सभी को मिलकर इसे आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद अनुपम भारद्वाज ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश शांडिल्य ने किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक संदीप गौहर, ब्लॉक समन्वयक राकेश वर्मा, विनीता शाह, मेंटर, नवांकुर संस्थाओं व प्रस्फुटन समिति के सदस्य, सीएमसीएलडीपी एवं कॉलेज के छात्र उपस्थित रहे।

### उनके आने के पूर्व ही कथित व्यापारी नदारद हुए

## कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र में व्यवस्था बनाने के लिए निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झिरन्या



कलेक्टर भव्या मित्तल ने अधिकारियों के निर्देशित किया है कि किसानों की उपज की स्लॉट बुकिंग,तुलाई,बिलिंग और भुगतान समय पर मिले,ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्हें कोई परेशानी नहीं हो और एक ही दिन में घर लौट जावे,ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। इस आशय के आदेश उन्होंने उपार्जन केंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिए हैं।

कलेक्टर मित्तल गुरूवार को उपमंडी परिसर स्थित चना एवं गेहूं उपार्जन केंद्र पहुंची थी। उन्होंने केन्द्रों का आवश्यक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम भीकनगांव लोकेश छापरे,तहसीलदार खुमानसिंह चौहान,नायब तहसीलदार राजेश बरडे और विवेकानंद सहकारी संस्था के प्रबंधक बहादर डावर सहित एनी अधिकारियों को दिए हैं। वहां उप संचालक कृषि खरगोन, डीएमओ खरगोन, खाद्य निरीक्षक रविन्द्रसिंह कुशवाह आदि उपस्थित थे। उन्होंने कंप्यूटर आपरेटर विक्रम कनोजे से चर्चा कर बिलिंग में लग रहे समय को देखा और वहां एक सिस्टम होने पर अतिरिक्त सिस्टम की व्यवस्था कर पटवारी और कृषि विभाग के कर्मियों को उक्त कार्य सौंपने और व्यवस्था में सुधार के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्हें बताया गया कि उपार्जन केंद्र के पास अतिरिक्त सिस्टम नहीं है और उपमंडी-कार्यालय के दो कंप्यूटर पर उनके आपरेटर कार्य कर रहें हैं। उन्होंने वहां केन्द्रों पर एक-एक तौल कांटा देखा और प्रत्येक केंद्र पर तीन-तीन तौल कांटों की व्यवस्था के निर्देश दिए। कलेक्टर मित्तल ने तहसीलदार खुमानसिंह चौहान के कहा कि बिलिंग और स्लाट बुक में हो रही देरी को लेकर कहा कि उपार्जन केंद्र के अलावा किसान अथवा पटवारी,कृषि विभाग. जीआरएस आदि से उक्त कार्य करावें। उल्लेखनीय है कि प्रारम्भ में वे कंप्यूटर आपरेटर विक्रम कनोजे से चर्चा की और बिलिंग में लग रहे समय को देखा था। जबकि केंद्र के पास सिस्टम नहीं होने और उपमंडी के कार्यालय के दो कंप्यूटर पर उनके आपरेटर द्वारा कार्य करने की जानकारी दी गई थी। उन्होंने केन्द्रों पर एक-एक तौल कांटा बढ़ाने के भी निर्देश दिए

#### इक्का दुक्का व्यापारी दिखे

कलेक्टर भव्या मित्तल के पहुंचने के पूर्व ही उपार्जन केन्द्रों से कथित व्यापारीगण भाग खड़े हुए और संभवतः उनके आने की पूर्व सूचना उन्हें मिल गई थी। फिर भी मौके पर इक्का दुक्का व्यापारी ही दिखाई दिए। उनका कहना था कि वे पंजीयन की कृषि-उपज विक्रय के लिए लाये हैं। कृषक श्यामलाल इरभान निवासी सोनखेड़ी ने इस प्रतिनिधि को बताया कि आप कल सुबह आप आ जाना,व्यापारी फिर आ जायेंगे। वहां बैठे एक अन्य किसान सतीश अमृतलाल ने भी कमोबेश यही जानकारी दी। इस मामले में विवेकानंद सहकारी संस्था के प्रबंधक बहादर डावर ने कहा कि कौन किसान है और कौन व्यापारी? हम नहीं पहचानते हैं। जिनके पास पंजीयन होता है,उन्हीं की उपज खरीदते हैं।

### आयुष्मान केंद्रों का निरीक्षण

## छीपानेर के अमृत तालाब के पास पौधरोपण की जांच होगी



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को छीपानेर में मनरेगा अंतर्गत निर्मित अमृत तालाब के आसपास हुए पौधरोपण में स्वीकृत राशि एवं रोपे गए पौधों की एसडीएम टिमरनी को जांच करने के आदेश दिये हैं। ग्रामीणों की शिकायत थी कि यहां स्वीकृत 200 पौधों के रोपने के स्थान पर कम पौधे रोपे गए हैं। अपने भ्रमण में कलेक्टर द्वारा ग्राम तजपुरा में गेहूँ उपार्जन केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होने यहां किसानों के स्लॉट बुकिंग की जानकारी ली। साथ ही उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिये छायापानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। ग्राम तजपुरा एवं छीपानेर में संचालित आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों का भी इस दौरान कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया। छीपानेर के आयुष्मान आरोग्य केन्द्र तक सड़क निर्माण के पंचायत सचिव को निर्देश दिये गये।

### सफलता के लिए मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प आवश्यक : कलेक्टर

# नूतन हासे स्कूल के श्लोक प्रजापति ने प्रदेश प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले सीहोर जिले के मेधावी विद्यार्थियों को कलेक्टर श्री बालागुरु के. तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने सम्मानित किया।

इस सम्मान समारोह का मुख्य आकर्षण नूतन हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर के छात्र श्लोक प्रजापति रहे, जिन्होंने 12वीं कक्षा के गणित संकाय में 98.60% अंक हासिल कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। श्लोक की इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा स्कूल और सीहोर जिला गौरवान्वित हुआ है।

#### कलेक्टर ने फूलमाला पहनाई दिए सफलता के लिए मंत्र

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर बालागुरु के. और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने मेरिट लिस्ट में आए सभी विद्यार्थियों को फूलमाला पहनाकर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।



विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने कहा, ३परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र है। सफलता के लिए मेहनत, लगन, और दृढ़ संकल्प आवश्यक हैं।३ उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि परिश्रम वही सफल होगा जो सही दिशा में किया जाए। जीवन में लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहें और किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहें। अभी यह सिर्फ एक पड़ाव है, जीवन में ऐसे कई पड़ाव आएंगे। विषम परिस्थितियों में भी खुद पर विश्वास बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि हर दिन नियमित अखबार-मैगजीन पढ़ें, पूरी दुनिया की खबरों से अपडेट रहेंगे। कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, दृष्टिकोण बड़ा होना चाहिए।

## स्वास्थ्य विभाग की क्षेत्रीय संचालक ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर

स्वास्थ्य विभाग भोपाल संभाग की क्षेत्रीय संचालक डॉ नीरा चौधरी एवं आरएमएनसीएच कॉर्डिनेटर डॉ सविता द्वारा सीहोर जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया।

सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि निरीक्षण दौरान डॉ चौधरी ने ट्रामा सेंटर, एक्सरे रूम, आईसीयू, मेल फीमेल वार्ड सहित सभी यूनिटों का निरीक्षण किया और वहां संचालित सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी सेवाएं प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ उमेश श्रीवास्तव, डॉ रशिम पटेल, डॉ पुष्पा कन्नौजिया, डा. परमार, डॉ दीपक बेहरिया, रीना पाटीदार, संजूलता सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

